जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित
(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार
ہمارا وطن ہفت روزہ
संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-32 जयपुर, सोमवार, 28 अगस्त, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी


संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी


सम्पादक
राम गोपाल सैनी

# यह वही जनता है जो सरकार बना सकती है और बिगाड़ सकती है -डॉक्टर शिखा मील बराला

## सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम में हजारों युवा,महिला और बुजुर्गों का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रयास फाउन्डेशन की अध्यक्ष और कांग्रेस पीसीसी सचिव डॉक्टर शिखा मील बराला ने चौमूं शहर के बस स्टैंड पर सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हजारों महिलाओं-पुरुषों का सम्मान किया गया ।

सम्मान में गर्भवती महिलाओं, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, सेवानिवृत कर्मचारी नवनियुक्त सरकारी कर्मचारी, खिलाडियों और बुजुर्गों को शाल,कम्बल और किट भेंट कर सम्मान किया गया। डॉक्टर शिखा मील ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे आपका सम्मान करने का मौका मिला है, मुझे खुशी है कि जनता का इतना प्यार और सम्मान हमें मिल रहा है। यह वही जनता है जो सरकार बना सकती है और बिगाड़ सकती है। जनता की समस्या को में मेरी समझ कर इसका समाधान करने का प्रयास करूंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की




जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए डॉक्टर शिखा मील ने कहा कि चिरंजीवी बीमा योजना के तहत आज प्रदेश के लोगों को काफी लाभ मिला है । यह चिरंजीवी बीमा योजना नए जीवन के रूप में साबित हुई है । हर गरीब तबके और मजदूर वर्ग सहित सबको चिरंजीवी योजना के तहत निशुल्क इलाज मिला है,



तो वहीं इंदिरा गाँधी मोबाइल फ्री योजना के अंतर्गत भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाएं काफी खुश हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर की गई । सम्मान पाकर उपस्थित सभी महिला और पुरुष खुश नजर आए । कार्यक्रम का संचालन एंकर प्रीति सक्सेना और अमित सैनी ने किया ।

**सेल्फी लेने का दिखा क्रेज़-** कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर शिखा मील बराला के साथ क्या युवा, क्या बुजुर्ग, क्या महिला, क्या पुरुष सभी के बीच सेल्फी लेने की होड़ मची रही।

## गो निशा गो तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**विराटनगर (हमारा वतन)।** 18 से 22 अगस्त तक राजकीय विद्यालय सोठाना व सेवा उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए जागृति संस्थान विराटनगर के द्वारा जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है। संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर



मनीष मिटावा ने बताया कि यह कार्यक्रम गो निशा गो हावर्ड डेलाफील्ड द्वारा नेत्तृत्व किये जाने वाले गेम ऑफ चॉइस नॉट चांस योजना के तहत वितीय रूप से USAID द्वारा पोषित किया गया है। गेम के लिए रेस्टलेस डेवलपमेंट दिल्ली, राजस्थान, बिहार में एक अमल लाने वाला सहयोगी संगठन है, जिससे किशोरियों ओर किशोरों तक पहुँचाने की योजना का कार्य कर रहे हैं । गो निशा गो एक गेम है जिसे 2022 के जून में भारत के हिंदी बोलने वाले क्षेत्रों में 15 से 19 वर्ष की आयु के लड़के व लड़कियों के साथ मिलकर बनाया गया है और गूगल प्ले स्टोर पर लांच किया गया है ।जिसका मुख्य उद्देश्य ध्यान और जागरूकता बढ़ाना है । उन यौन प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों व एसआरएचआर विशेष रूप से किशोरियों और किशोरों को उनका महत्वपूर्ण जीवन के पास फैसलों को लेने के समय विचार करने के गुणों में सुधार करना है - जैसे कि आगे की पढ़ाई, अपने कैरियर को आगे बढ़ाना और माता-पिता और प्रेमी साथियों के साथ निजी संबंध चलाना। इस बयान से किशोर लड़की को स्वास्थ्य कैरियर शिक्षक और संबंधों के परिणामों में सुधार होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। हम उन शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले वित्तीय सामाजिक क्षेत्र से संबंधित किशोर व किशोरियों तक पहुंचने की योजना पर कार्य रहे हैं । इसके माध्यम से न केवल शिक्षा के मामले में जानकारी फैसले लेने के बारे में समझ पायेंगे बल्कि अपने समुदाय के बदलाव लाने के मामले में भी आगे बढ़ेंगे। बच्चों को तीन दिवस पर अलग-अलग प्रकार के सत्र गेम के माध्यम से समझ को विकसित किया जा रहा है और अंत में सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर के धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रशस्ति पत्र मनीष मिटावा, मालीराम सैनी जागृति संस्थान) व स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप वर्मा, रामकिशोर सैनी , सुषमा पांडे के द्वारा बच्चों को वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने बताया कि इस प्रकार के प्रोग्राम निरंतर विद्यालयों में चलाएं जाने चाहिए जिसे युवाओं में क्षमतावर्धन को बढ़ाया जा सके। इस दौरान यूथ लीडर रेखा सैनी, चेतना शर्मा , दिलीप शर्मा, उदित मिटावा भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हरसहाय यादव ने बालिकाओं से बंधवाया रक्षा सूत्र

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष हरसहाय यादव द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं में विश्वास जगाने के उद्देश्य से रक्षा सूत्र बंधवाने का कार्यक्रम चल रहा है । आज प्रातः से ही चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर हरसहाय यादव एवं ओबीसी विभाग के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाए गए एवं भेंट स्वरूप बालिकाओं



को कॉपी एवं पेन प्रदान किए गए । हरसहाय यादव द्वारा किए जा रहे उक्त कार्य की चर्चा समूचे कस्बे में है । सभी ने इस कार्यक्रम की भूरी -भूरी प्रशंसा करते हुए बताया कि रक्षा सूत्र बांधने वाली बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ है,उन्हें विश्वास हुआ है कि समाज आपके साथ है। इस दौरान महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सामोद, सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौमूं, ए एन पब्लिक स्कूल कालाडेरा, अराइज कोचिंग चौमूं में रक्षा सूत्र बंधवाया। सभी बालिका और महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव का धन्यवाद जताया और कहा कि पहला कोई ऐसा नेता है जो राखी बंधवाकर बहनों की रक्षा करने का संकल्प ले रहा है।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# डॉक्टर हनुमान बराला के जन्मदिन पर बधाई देने उमडा जन सैलाब

**जयपुर (हमारा वतन)।** दी हेल्पिंग हेंड्स सोसायटी के संरक्षक एवं चौमूं विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के युवा नेता डॉ.हनुमान बराला का जन्मदिन राधास्वामी बाग तिराहे पर हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जन आशीर्वाद समारोह समारोह के रूप में मनाया । जिसमें अपने लाडले को बधाई देने लोगों का जन सैलाब उमडा । चौमूं शहर दिनभर हनुमानमय बना रहा। इस मौके पर लोगों ने माल्यार्पण, साफा, किसान हल, शॉल, प्रतीक चिन्ह् भेंट कर एवं मुंह मिठ्ठा कराकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देकर दीर्घायु की कामना की। साथ ही सैकड़ों मीटर लंबे साफे पहनाकर व किसान का प्रतीक हल भेंट किया। टीम डॉ.हनुमान बराला द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद समारोह में बधाई देने आने वालों का सिलसिला बुधवार शाम से शुरु हुआ जो गुरुवार देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघालय के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक रहे । समारोह में मौजूद माता-बहनों की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने इस मॉर्डन जमाने में राजस्थान की परंपरागत शान को नहीं छोड़ा है। उन्होंने महिलाओं को शिकायत करते हुए कहा कि आजकल हमारी-माता बहनों ने बोल्डा लगाना छोड़ दिया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कभी-कभी कार्यक्रमों में बोल्डा लगाना चाहिए । यह भी महिलाओं की परम्परा की शान है। 5 महीने बाद किसानों की सरकार लाने की जरूरत है। डॉ. हनुमान जनता का सेवक है तो इन पर आशीर्वाद बनाए रखना।





इस मौके पर राजस्थान के कृषि उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी ने राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गिनाया। वहीं राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील, अलवर के पूर्व सांसद डॉ.कर्ण सिंह यादव ने कहा कि बराला परिवार पिछले कई सालों से लोगों की सेवा कर रहा है। अगर अबकी बार डॉ.हनुमान बराला चुनाव में खडे हो तो उनको आप सभी भारी बहुमत के साथ उनको विजयी बनाकर विधायक बनाएं और एक किसान के बेटे को विधायक की सीट पर बैठाएं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर जमकर हमला बोला।

इस दौरान पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगर परिषद चौमूं के सभापति विष्णु कुमार सैनी, प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तूनवाल, डॉ.सी.बी.यादव, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील चौपडा, खांगाराम चौधरी, प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी, कालूराम झाझडीया सहित चौमूं व आसपास के गांवों के व्यापारीक संगठनों, चिकित्सालयों व शिक्षण संस्थानों के निदेशकों, चौमूं, आमेर, शाहपुरा, बगरू, जोबनेर, रेनवाल सहित शेखावाटी अंचल के हजारों समर्थकों ने डॉ.हनुमान बराला को समारोह स्थल पर पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान डॉ.बराला ने केक काटा तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बधाई देते हुये कहा कि यह दिन प्रतिवर्ष आये और वे आगे बढते जायें। जन्मदिन पर बधाई देने वालों में महिला, पुरूष, वृद्ध, नौजवान, जनप्रतिनिधि, छात्र नेता और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी शामिल रहे ।

**माता-पिता के वंदन से हुई दिन की शुरूआत** -कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.हनुमान बराला ने अपने माता-पिता को वंदन व स्मरण किया और उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने कचोलिया ग्राम पहुंच तेजाजी के धोक लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस दौरान यहां कचोलिया गांव के ग्रामीणों व महिलाओं ने डॉ.हनुमान का माल्यार्पण व साफा बंधवाकर स्वागत किया। इसके बाद वे ग्राम हाडौता स्थित अंजनी हनुमान मंदिर पहुंचे और यहां से किसानों की ट्रेक्टर रैली को रवाना किया।

डॉ.हनुमान बराला ने कहा कि मैंने आपके ही बीच में पैदा होकर जनसेवा की है और एक चिकित्सक के रूप में सेवा देने के साथ सामाजिक कार्यो में भी सहयोग कर रहा हूं। युवाओं के कॅरियर निर्माण के लिए गांव-गांव जाकर युवा संवाद के माध्यम से कॅरियर गाइडेंस का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही आने वाले दिनों युवा संवाद के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं के रोजगार के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं रोजगार दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में आए ८00 से अधिक लोगों ने अंगदान महादान के लिए अपना पंजीयन करवाया, जो पूरे प्रदेश की ऐतिहासिक पहल रही।

हाडौता स्थित अंजनी हनुमान मंदिर से डॉ.हनुमान बराला के नेतृत्व में ट्रैक्टरों से रैली निकाली गई, जो अग्निशमन केन्द्र, आमलिया, रींगस रोड, सामोद रोड तिराहे, बस स्टैण्ड, थाना मोड, जयपुर रोड, राधास्वामी बाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जिसमें किसान व खेती से संबंधित झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कालबेलिया डांसर गुलाबो सपेरा व उनकी पार्टी की ओर से कालबेलिया डांस की प्रस्तुतियां दी गई।

## समाजसेवी रविकांत शर्मा ने पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से समाज सेवा के कार्य कर मनाया अपना जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं के वर्ष 2018 के विधायक प्रत्याशी, समाजसेवी और एमडीएफसी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा ने अपना जन्मदिन अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित आचार्य की प्रेरणा से समाज सेवा के कार्य कर मनाया । रविकांत शर्मा ने सर्वप्रथम अपने दादा-दादी और माता-पिता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की । इसके बाद गणेश जी और वीर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग की प्रार्थना की ।

इसके पश्चात पीआर पब्लिक स्कूल बांसा के बच्चों को पाठ्य सामग्री और फल वितरित किए। पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल में छायादार पेड़ लगाए और उपस्थित विद्यालय स्टाफ को गुलाब के पौधे वितरित कर गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को अपनी ओर से प्राइज देने की घोषणा की । इसके बाद चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित एमडीएफसी बैंक में स्टाफ द्वारा बड़े धूमधाम से मावे का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया । पंडित रविंद्र आचार्य के सानिध्य में पंडित हरिओम शास्त्री ने माता गायत्री की पूजा अर्चना की और 32 घी के दीपक जलाकर दीर्घायु होने की कामना की। रविकांत शर्मा ने अपने गुरु पंडित रविंद्र आचार्य का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पीआर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रूडमल शर्मा, राकेश शर्मा, गोपीराम शर्मा, श्याम प्रकाश शर्मा, एमडीएफसी बैंक की डायरेक्टर पूनम शर्मा, मनीष, किरण, फूलचंद मीणा, मीना शर्मा, कोमल सेन, कृष्ण शर्मा, अनुराग शर्मा, अनिल शर्मा, आनवी शर्मा सहित कई लोगों ने शुभकामनाएँ दी ।






## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया चौमूं SDM राजेश जाखड़ का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ से तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित आचार्य ने चौमूं उपखंड कार्यालय में जाखड़ से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की । इस अवसर पर पंडित हरिओम शर्मा, जयनारायण जांगिड़, शशि चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री का तोहफा रक्षाबन्धन पर्व पर राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाएं एवं बालिकाएं कर सकेंगी निःशुल्क यात्रा

जयपुर(नि.सं.)। रक्षाबन्धन के पर्व पर महिलाएं-बालिकाएं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (आरएसआरटीसी) की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने निःशुल्क यात्रा के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। गहलोत के इस निर्णय से महिलाओं एवं बालिकाओं को रक्षाबन्धन के दिन 30 अगस्त (बुधवार) को राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राजस्थान राज्य की सीमा में निःशुल्क यात्रा सुविधा मिल सकेंगी।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को उक्त सुविधा के व्यय का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क यात्रा पुनर्भरण मद में उपलब्ध प्रावधान में से किया जाएगा।




## रेडटेप के एक्सक्लूसिव आउटलेट का हुआ भव्य शुभारंभ,पहले ही दिन उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के जयपुर रोड स्थित पालीवाल मार्ग पर रेडटेप के एक्सक्लूसिव आउटलेट का भव्य शुभारंभ पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर हुआ । चौमूं उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़, ओम चाइल्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर ओपी कटारिया और जगन सिंह बिजारणिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आज पहले ही दिन ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद आए हुए सभी अतिथियों का आउटलेट के ओनर जितेंद्र बिजारनिया ने माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। आउटलेट के सुमित और सुनील ने बताया कि हमारे आउटलेट पर सभी उत्पादों पर 70 प्रतिशत का डिस्काउंट ग्राहकों को दिया जा रहा है । हमारे यहां पर शर्ट, टी-शर्ट, पैंट लोअर, जींस, विंटर वियर्स, शूज, बेल्ट ,पर्स आदि उच्च क्वालिटी और भारी डिस्काउंट पर उपलब्ध है। चौमूं शहर वासियों से निवेदन है की एक बार आउटलेट पर विजिट जरूर करें । शुभारंभ के अवसर पर रेडटेप के जनरल मैनेजर मोहम्मद कलीम, सुरेश तंवर, सागरमल, ताराचंद, स्टोर मैनेजर आयुष, शुभम, जाकिर, राकेश सैनी, सुनील जांगिड़, सूर्या, महावीर,अर्जुन सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे। अधिक जानकारी के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है - 01423 - 450227.

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

### तारानगर में स्थापित होगा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री ने तारानगर (चूरू) में आयुर्वेद महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, उन्होंने इन संस्थानों के लिए 82 नवीन पद सृजित किये जाने की भी मंजूरी दी है।


रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ !





Contect No. 9414292165,8619154214
E mail : advrpsaini@gmail.com

रामप्रताप सैनी LL.M.
अनिता सैनी M.A., LL.B
एडवोकेट्स
राजस्थान उच्च न्यायालय

कोर्ट - चैंबर नंबर 256, ई ब्लॉक (न्यू बिल्डिंग) राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर (राजस्थान)




निवास / ऑफिस - C-1, गली नंबर 6, बाल नगर, 80 फीट रोड, अंबेडकर पार्क के पास , एयू बैंक के पास ,महेश नगर, जयपुर (राजस्थान)




## 'कुंडली भाग्य' की प्रीता एक एपिसोड के करती हैं तगड़ी रकम चार्ज, श्रद्धा आर्या की मोटी फीस जानकार चौंक जाएंगे आप

कुंडली भाग्य फेम श्रद्धा आर्या आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। प्रीता का किरदार निभाने वाली श्रद्धा की गिनती टीवी जगत की टॉप रेटेड एक्ट्रेसेस में की जाती है। सोशल मीडिया पर श्रद्धा की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वह एक्टिंग के साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। कुंडली भाग्य में प्रीता का रोल को दर्शक काफी पसंद करते हैं। इस रोल के जरिए उन्होंने अपने चाहने वालों के दिल पर अपनी खास जगह बनाई है, लेकिन क्या आप जानते हैं कुंडली भाग्य के एक एपिसोड के लिए श्रद्धा आर्या कितनी फीस चार्ज करती हैं?



**2017 में शुरू हुआ था शो**-एकता कपूर द्वारा निर्मित, कुंडली भाग्य शो 12 जुलाई, 2017 में शुरू हुआ था। तब से लेकर अभी तक ये डेली सोप दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। श्रद्धा शुरू से ही इस शो का हिस्सा रही हैं। अपनी एक्टिंग के दम पर एक्ट्रेस ने घर-घर में अपनी खास पहचान बनाई है। लंबे समय से इस शो में जुड़े होने के साथ-साथ श्रद्धा की फीस में भी काफी इजाफा हुआ है। वो एक एपिसोड के भारी भरकम फीस लेती हैं।

**एक एपिसोड की मोटी फीस चार्ज करती हैं श्रद्धा आर्या**-कुंडली भाग्य की श्रद्धा आर्या इस शो के एक एपिसोड के लिए अच्छी-खासी फीस वसूलती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा आर्या कुंडली भाग्य के हर एपिसोड के लिए करीब एक लाख रुपये चार्ज करती हैं। ये फीस अपने आप में काफी बड़ी है। इस फीस के साथ ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि श्रद्धा टीवी की हाई पेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं। **श्रद्धा आर्या का वर्कफ्रंट**-आपको बता दें कि श्रद्धा आर्या ने इंडियाज लीडिंग सिनेस्टार की खोज में बतौर कंटेस्टेंट नजर आई थीं। ये शो 2007 में टेलीकास्ट हुआ था। इसे बाद वह राम गोपाल वर्मा की फिल्म निशब्द में नजर आई थीं। इसके बाद वह टीवी के हिट शो मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की में मुख्य भूमिका निभाई।

## सुंबुल तौकीर खान शो 'काव्या एक जज्बा एक जुनून' के लिए ले रही हैं मोटी रकम, जानें एक दिन की कमाई

सुंबुल तौकीर खान ने शो इमली के जरिए काफी पॉपुलैरिटी हासिल की थी। वह इस शो के जरिए घर-घर फेमस हो गई थीं। हालांकि इसके बाद वह बिग बॉस 16 में आईं और यहां से उनकी लाइफ ने एक टर्निंग प्वाइंट लिया। अब सुंबुल नया शो लेकर आ रही हैं जिसका नाम है काव्या एक जज्बा एक जुनून। इस शो का प्रोमो कुछ दिनों पहले ही आया है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। लेकिन क्या आप जाते हैं कि सुंबुल इस शो के लिए मोटी रकम ले रही हैं। **कितनी है फीस**-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुंबुल इस शो के लिए एक दिन का 70-80 हजार रुपये लेंगी। सुंबुल की इस फीस से लग रहा है कि वह अब टीवी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं। **क्या है किरदार**-शो में सुंबुल, काव्या का किरदार निभाएंगी जो आईएएस ऑफिसर है और उसकी शादी आईपीएस ऑफिसर से हुई है। शो की स्टोरी में दिखाया जाएगा कि कैसे अपनी ड्यूटी और करियर की वजह से काव्या को पर्सनल लाइफ में कई मुश्किलों से लड़ना होता है। **दूसरा प्रोमो**-रिपोर्ट्स के मुताबिक सुंबुल और मिशकत वर्मा ने शो के दूसरे प्रोमो की शूटिंग कर ली है। ये प्रोमो आने वाले दिनों में रिलीज कर दिया जाएगा।



## पैपराजी ने थिएटर तक किया सारा अली खान का पीछा, गुस्से से झल्लाईं एक्ट्रेस कैमरे की तरफ गईं और...

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इंडस्ट्री में न सिर्फ अपनी फिल्मों बल्कि अपने शांत और सरल स्वभाव के लिए भी जानी जाती हैं। सारा पैपराजी की भी फेवरेट हैं। वह जब भी पैपराजी से मिलती हैं, बड़े ही प्यार से उन्हें हाथ जोड़कर नमस्ते कहती हैं। सारा की यही अदा उन्हें दूसरी अभिनेत्रियों से अलग बनाती है, लेकिन इस बार कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से पैपराजी पर सारा का पारा चढ़ गया। हाल ही में पैपराजी की हरकत पर सारा ने उन पर बुरी तरह से झल्ला उठीं। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



**थिएटर तक सारा के पीछे पहुंचे पैपराजी**- सारा अली खान बुधवार को मुंबई के मल्टीप्लेक्स में अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने और चिल करने पहुंची थीं। ऐसे में कैमरामैन का एक ग्रुप भी उनके पीछे-पीछे थिएटर तक पहुंच गया। इस दौरान सारा ने व्हाइट कलर का सलवार सूट कैरी किया था, जिसमें वह बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। वहीं, जब पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा तो एक्ट्रेस ने पहले तो खुशी से उन्हें पोज दिया। इसके बाद वह थिएटर का गेट ओपन होने का इंतजार करने लगीं, ऐसे में भी पैपराजी उनकी तस्वीरें और वीडियो लेते रहे। **सारा ने गुस्से में कही ये बात**-सारा अली खान को पैपराजी की ये हरकत जरा भी पसंद नहीं आई। सारा के वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह इशारे में पैपराजी को उनका कैमरा बंद करने के लिए कहती हैं। इसके बाद भी वो बाज नहीं आए तब सारा ने कैमरे की तरफ हाथ बढ़ाते हुए कहा, सर, प्लीज अभी बंद करो ना... सच कहूं तो मुझे अच्छा नहीं लगता। सारा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



# भाजपा नेत्री डॉक्टर सुषमा यादव को चौमूं विधानसभा में मिल रहा अपार जनसमर्थन

### बीजेपी उम्मीदवार के रूप में ठोकी ताल

**चौमूं (हमारा वतन)।** भाजपा नेत्री डॉक्टर सुषमा यादव ने भारतीय जनता पार्टी की दशकों तक सेवा करने के बाद विधानसभा चुनाव 2023 में चौमूं विधानसभा से उम्मीदवारी के लिए ताल ठोक दी है। सुषमा यादव क्षेत्र की जनता से मिलने के लिए जनसंपर्क यात्रा निकाल रही है, ताकि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या से रूबरू होकर उनका समाधान करवा सके।

जी हां ! जानकारी के लिए आपको बता दें कि सुषमा यादव की जनसंपर्क यात्रा गढ़ गणेशजी का आशीर्वाद लेकर शुरू की गयी थी। यात्रा का तीसरा चरण आज हाड़ोता ग्राम स्थित अंजनी हनुमान मंदिर से शुरू हुआ।

इससे पूर्व डॉक्टर सुषमा यादव ने अंजनी हनुमान के दर्शन कर यात्रा की सफलता और क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की और हरी कृष्ण दास ग्वालिया बाबा से आशीर्वाद लिया। सुषमा यादव ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराना है।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत अधिक से अधिक सदस्य जोड़ना और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना है।

**क्षेत्रवासियों ने किया जबरदस्त स्वागत**-जनसंपर्क यात्रा के दौरान डॉक्टर सुषमा यादव का क्षेत्रवासियों ने माला, साफा और चुनरी ओढाकर स्वागत- सम्मान किया और कहा कि आप महिला है हमारे दुख दर्द को अच्छे तरीके से समझ सकती हैं ! आप संघर्ष करो हम आपके साथ है।

**इन गांवों में पहुंची जनसंपर्क यात्रा**-जनसंपर्क यात्रा ग्राम हाडौता से गुजरते हुए गोविन्दगढ, ईटावा, उदयपुरिया, भोपावास, सामोद, महारकला, कानपुरा, जाटावाली, बांसा खाल्डा, विजयसिंहपुरा, कुशलपुरा, फतेहपुरा, चीथवाडी, मोरीजा, अणतपुरा होते हुए जैतपुरा में जनता का आशीर्वाद लेकर संपन्न हुई।



## नए रिश्ते में बंध रहीं हैं, तो सम्मान और प्यार बनाएं रखे

किसी भी नए रिश्ते में बंधना जीवन के लिए एक नया पड़ाव हो सकता है। अगर आप इसमें तनाव की बजाए प्यार बनाए रखना चाहती हैं, तो कुछ मुद्दों पर खुलकर बात करना जरूरी है। जब तक आप अकेली होती हैं, आपकी जिंदगी अलग तरह की होती है। पर जैसे ही आप किसी और को अपनी जिंदगी में शामिल करती हैं, या उनकी जिंदगी में शामिल होती हैं, तो चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। अकेला दौड़ना हमेशा किसी के साथ चलने से ज्यादा आरामदायक होता है। पर किसी के साथ रिश्ते में होना एक अलग तरह का सुकून और सुरक्षा देता है। अगर आप भी किसी के साथ नए रिश्ते की शुरूआत कर रहीं हैं, तो आप दोनों को ही कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**लाइफ का एक नया टर्न है रिलेशनशिप**-फोर्टिस हॉस्पिटल, साइकियाट्रिस्ट, डॉक्टर स्वाति मित्तल का कहना है कि रिलेशनशिप में आने से पहले यह जान लें कि आप अपनी जिंदगी में एक बहुत बड़ा बदलाव लाने जा रही हैं। जिसके बारे में आपको पता होना और मानसिक तौर पर तैयार रहना जरूरी है। इसके साथ ही आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। ताकि आपको बाद में ज्यादा परेशान न होना पड़े।

**मजबूत रिश्ता बनाने के लिए इन मुद्दों पर ध्यान देना है जरूरी**

**1 आपके राजनीतिक विचार**-अगर आप इस प्वाइंट को डिस्कस करना भूल गई हैं, तो अभी ऐसा करें। यह कतई जरूरी नहीं कि आप दोनों के राजनीतिक विचार एक ही तरह के हों। आप अपनी पसंदीदा पार्टी या लीडर के बारे में उनसे बात करके देख सकती हैं। ताकि आप उनकी इंटेंशन को जान सकें।

**2 आर्थिक स्थिति** -आपके पार्टनर को आप पैसे के बारे में क्या सोचती हैं, यह जरूर शेयर करें। पैसा एक बहुत ही सेंसिटिव टॉपिक होता है और इसके कारण भी बहुत से कपल ब्रेक अप कर लेते है। आपको एक-दूसरे की आर्थिक स्थिति के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। ताकि बाद में पैसे के कारण आपका रिश्ता खराब न हो।

## कुबेर का पाना है आशीर्वाद तो आज ही करें ये काम, होगा धन लाभ

हिंदू मान्यताओं में कुबेर देवता को धन संपत्ति के देवता के रूप में जाना जाता है। कुबेर जी का आशीर्वाद प्राप्त होने पर घर की सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं, वास्तु के अनुसार कुछ पौधे बेहद शुभ माने जाते हैं, जिनकी सही देखभाल करने और इन्हें सही दिशा में लगाने से कुबेर जी को प्रसन्न करने में मदद मिलती है और धन लाभ के योग भी बनते हैं। इसलिए कुबेर देवता का आशीर्वाद पाने और अपने घर की दरिद्रता को दूर करने के लिए इन पौधों को लगाएं।

**कौन से पौधे लगाएं?**

अपने घर की आर्थिक परेशानियों को दूर करने और कुबेर महाराज की असीम कृपा पाने के लिए घर की उत्तर की दिशा में क्रासुला का पौधा लगाएं। यह पौधा कुबेर जी को बेहद प्रिय है, जिसे लगाने से व्यक्ति का भाग्योदय होगा और आर्थिक स्थितियां भी मजबूत होने लगेंगी। वहीं, व्यापार के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए इस पौधे को दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं। वहीं, हल्दी का पौधा, पीले गेंदें या गुड़हल का फूल लगाने से भी कुबेर जी की कृपा बनी रहेगी और घर में धन-संपदा में वृद्धि होगी।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

# अपनी हदें पार करता अंध विरोध

कुछ लोग किसी दल या नेता या फिर सरकार अथवा संस्था का विरोध करते-करते किस तरह देश विरोध की हद तक चले जाते हैं, इसका ताजा उदाहरण पेश किया अभिनेता प्रकाश राज ने। उन्होंने बीते रविवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) प्लेटफार्म पर चंद्रयान-3 को लेकर एक फोटो पोस्ट की। इसमें लिखा-ब्रेकिंग न्यूजः विक्रम लैंडर द्वारा चंद्रमा से आने वाली पहली तस्वीर।'यह फोटो एक कार्टून के रूप में थी, जिसमें एक मलयाली से लगने वाले व्यक्ति को अजीब सी मुद्रा में एक मग से दूसरे में चाय डालते हुए दिखाया गया



राम गोपाल सैनी

था। उनकी इस पोस्ट पर लोग भड़क उठे। आम लोगों के साथ कई जाने-माने व्यक्तियों ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई। इस पर उन्होंने अपनी सफाई में लिखा कि वह तो यह बताना चाहते थे कि मलयाली लोग दुनिया में हर कहीं हैं और यहां तक कि चांद पर भी। उन्होंने यह भी समझाने की कोशिश की कि यदि आप मेरा मजाक नहीं समझ सके तो उपहास के पात्र आप स्वयं हैं। यह प्रश्न सहज ही उठता है कि क्या दुनिया भर में फैले मलयाली चाय बेचने के लिए जाने जाते हैं? प्रकाश राज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। इनमें से कई हिट फिल्में रही हैं। वह आम तौर पर खलनायक के रूप में पर्दे पर आते हैं। वांटेड, सिंघम और दबंग-2 जैसी सफल हिंदी फिल्मों में काम करने के कारण उनकी राष्ट्रीय पहचान बन गई है, लेकिन हिंदी भाषा की जिन फिल्मों ने उन्हें मान-सम्मान दिया, वह उसके भी विरोधी हैं। कुछ वर्ष पहले हिंदी दिवस के अवसर उन्होंने एक ऐसी टी-शर्ट पहनी, जिसमें कन्नड़ भाषा में लिखा था- मुझे हिंदी नहीं आती, दफा हो जाओ!' क्या यह विचित्र नहीं कि वह हिंदी फिल्मों में काम करते हैं और हिंदी बोलते भी हैं, लेकिन उन्हें यह भाषा स्वीकार नहीं? अरे भाई, हिंदी से इतना बैर है तो हिंदी फिल्मों में काम ही क्यों करते हो? प्रकाश राज राजनीतिक विषयों पर भी बेबाकी से बोलते हैं। वह टीवी चैनलों की बहसों में भी शामिल होते रहते हैं। उन्होंने 2019 में बेंगलुरु सेंट्रल से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गए थे। वह भाजपा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी कटु आलोचक हैं। इसमें कोई हर्ज नहीं। लोकतंत्र में यह अधिकार जैसे अन्य लोगों को है, वैसे ही उन्हें भी है। वह प्रधानमंत्री का भी खुलकर विरोध कर सकते हैं, लेकिन एक तो उन्हें विरोध और अंध विरोध में अंतर करना आना चाहिए और दूसरे, यह समझना चाहिए कि भारत सरकार का अंध विरोध करते हुए देश विरोध की हद लांघना ठीक नहीं। उन्होंने सबसे प्रतिष्ठित संस्थाओं में से एक यानी इसरो का उपहास उड़ाने में भी संकोच नहीं किया। ऐसा करने वाले वह अकेले नहीं हैं। देश में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो यह समझने को तैयार नहीं कि भारत सरकार का विरोध करते हुए देश विरोध की हद नहीं लांघी जानी चाहिए। हर देश में कुछ संस्थाएं ऐसी होती हैं, जिनका आदर सभी करते हैं। इसरो एक ऐसी ही संस्था हैं। इसी तरह की संस्था हमारी सेना है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि किस तरह कुछ नेताओं ने सर्जिकल स्ट्राइक के प्रमाण मांगे थे।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुआ सम्मान समारोह



**जयपुर (हमारा वतन)।** कस्बे में स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में घिनोई में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के संयोजक डॉ श्रवण बराला ने बताया कि आपका सम्मान हमारा स्वाभिमान थीम को लेकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत घिनोई, विमलपुरा,डोला का बास ग्राम पंचायत का सम्मान समारोह श्री श्री 1008 माधवदास जी का आश्रम घिनोई में रखा गया था। 2022-23 सरकारी सेवा में चयनित, भारतीय सैनिक एवं पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, सत्र 2022-23 में 10th 12th बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक प्राप्तांको से उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थी, जिला, राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विजेता खिलाड़ी, एंट्रेंस एग्जाम में चयनित मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ एवं समकक्ष एग्जाम में चयनित विद्यार्थी, किसी विशेष सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो से राज्य,राष्ट्रीय स्तरीय सम्मानित, स्थानीय स्तर पर विशेष सेवा कार्यों से मानव हितार्थ सेवाभावी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, साथिन एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमे 1100 प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और 1500 महिलाओ,पुरुषो का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में नदी से नदी जोड़ो एवं बीसलपुर पेयजल सिंचाई आपूर्ति हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे हजारों कि संख्या में शामिल युवा, बुजुर्ग महिलाओ ने हस्ताक्षर करके समर्थन दिया।

डॉ श्रवण बराला ने उपस्थित सभी से जीवन में हमेशा साथ खड़ा रहने और चौमूं क्षेत्र में पानी लाने के लिए चाहे भगतसिंह भी बनना पड़े तो भी तैयार रहने की अपील की। तो जनता का भरपूर जनसहयोग मिला। जनता के मिले अभूतपूर्व जन समर्थन से डॉ बराला खुश नजर आए। डॉ श्रवण बराला ने हर घर हर खेत पानी हर युवा को रोजगार और पानी लाओ चौमूं बचाओ का नारा देकर सम्मान समारोह में उमड़े भारी जन सैलाब को किसी भी परिस्थिति में हमेशा साथ खड़ा रहने की बात कही। इस सम्मान समारोह में हजारों कि संख्या में युवा,बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष और किसान उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने आयोजित किया राखी स्नेह मिलन समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र प्रभु कीर्ति कुंज रेलवे स्टेशन रोड चौमूं में राखी स्नेह मिलन का आयोजन किया गया । सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रह्माकुमारी मंगला बहन ने राखी का महत्व बताते हुए बताया कि यह राखी वास्तव में मनुष्य आत्माओं के पांच विकारों की रक्षा का सूत्र है। तिलक आत्म स्मृति का प्रतीक है जबकि मिठाई हमारी मधुर वाणी की ओर संकेत करती है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी सदस्य रूक्ष्मणी कुमारी एवं जाहोता सरपंच श्याम प्रताप सिंह



राठौड़ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। अवसर पर जाहोता सरपंच ने ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया की ब्रह्माकुमारी बहने न केवल रक्षा सूत्र बांधती है, बल्कि हमारी रक्षा भी करती हैं। इस दौरान कई स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहे । ब्रह्माकुमारी धनिषा बहन ने आए मेहमानों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ो भाई बहनों को राखी बांधकर प्रभु प्रसाद दिया गया। मंच का संचालन बाबूलाल राई ने किया। संस्था के वरिष्ठ भाई फूलचंद भाई, ओम प्रकाश भाई तथा श्याम भाई उपस्थित रहे ।

## रक्षाबंधन का त्योहार (कविता)

रक्षाबंधन का त्योहार
भाई-बहन का अद्भुत प्यार।
रिश्तो में मिठास घोलता
पवित्र प्यार में दिवस डोलता
यह त्योहार है प्यारा-प्यारा
सबसे अलग है सबसे न्यारा।
बचपन की यादें दुहराता
रोली चावल का थाल सजाता।
कलाई पर अपने भाई के
रक्षा सूत्र बांधती बहना
हो जाता है तब भाई का
अनुपम और अनमोल ये गहना।
बहन करे बस यही कामना
कभी न हो दुखों से सामना।
भाई देता है विश्वास।
मैं हरदम हूँ तेरे पास।
कभी नहीं घबराना बहना
हर राखी में आना बहना।
बहन कहे ओ प्यारे भाई,
रहे तेरा जीवन सुखदाई।
कभी न तुम बहना को भूलो,
बेशक नील गगन को छू लो !



डॉ. योगिता जोशी
जयपुर




### प्रमुख शासन सचिव ने ली कार्य समिति की बैठक, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं कार्य समिति अध्यक्ष टी रविकांत ने शुक्रवार को कार्य समिति की बैठक में भाग लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 47 एजेंडों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इसमें 29 प्रकरण टेंडर, 11 विचलन पत्र तथा 7 वास्तुविद नियुक्ति एवं प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के थे। मुख्य अभियंता श्री अमित अग्रवाल द्वारा वर्णित प्राप्त बिड दर, विचलन प्रपत्र, अतिरिक्त मद एवं अंतिम समय अवधि अभिवृद्धि इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा